उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
Uttarakhand Subordinate Services Selection Commission

पत्रांक /Ref. No.: 480/2022   दिनांक /Date.: 13-06-2022

संवाद–228

विषयः– जनपद–पौड़ी गढ़वाल में आयोजित शारीरिक दक्षता परीक्षण में विभिन्न कारणों से प्रतिभाग न कर पाने वाले अभ्यर्थियों को अतिरिक्त दिवस में अवसर प्रदान किये जाने के संबंध में

प्रिय अभ्यर्थियों,

आप अवगत है कि वर्तमान में प्रदेश में पुलिस आरक्षी व अन्य रिक्त पदों पर चयन हेतु शारीरिक दक्षता परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जनपद–पौड़ी गढ़वाल के पत्रांक–भ–10/2022 दिनांक 11 जून, 2022 द्वारा अवगत कराया गया है कि कतिपय अभ्यर्थियों द्वारा **अन्य परीक्षा होने, आवेदन में लिंग परिवर्तन, पूर्व निर्धारित तिथि को चोट लगना या पूर्व निर्धारित तिथि में स्वास्थ्य संबंधी कारणों से** शारीरिक दक्षता परीक्षा में सम्मिलित न हो पाने एवं अग्रिम तिथि प्रदान किये जाने हेतु अनुरोध किया जा रहा है।

जिला पौड़ी गढ़वाल में उपरोक्त श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए दिनांक 15 व 16–06–2022 को परीक्षा में प्रतिभाग करने का अवसर प्रदान किया जा रहा है। इसी क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जनपद–पौड़ी गढ़वाल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति अभ्यर्थियों के उपयोगार्थ संलग्न कर प्रेषित की जा रही है।

अतः ऐसे अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे **दिनांक 15 व 16–06–2022 को आयोग द्वारा पूर्व निर्धारित तिथियों में शारीरिक दक्षता परीक्षण हेतु जो प्रवेश पत्र जारी किये गये हैं वे उसी प्रवेश पत्र को लेकर संबंधित परीक्षा केन्द्र/स्थान पर पूर्व आंवटित तिथि में प्रतिभाग न कर पाने के कारण सहित यथा आंवटित तिथि को अन्य लिखित परीक्षा का प्रवेश पत्र या चिकित्सक का प्रमाण पत्र** तथा **अन्य समुचित साक्ष्य/प्रमाण सहित दिनांक 15 व 16–06–2022 को** संबंधित शारीरिक दक्षता परीक्षा केन्द्र–रांसी मैदान, पौड़ी गढ़वाल में प्रातः 06:00 बजे उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

संलग्नक–यथोपरि।

आयोग की ओर से,

13/6

(संतोष बडोनी)

सचिव।

राज्य निर्वाचन आयोग कार्यालय परिसर, रिंग रोड़, लाडपुर, देहरादून उत्तराखण्ड Office Campus of State Election Commission, Ring Road, Ladpur, Dehradun, Uttarakhand

दूरभाष (कार्या0): 0135-2669658, फैक्स: 0135-2672902, वैबसाईट : www.sssc.uk.gov.in, ईमेल: chayanayog@gmail.com

MR-350 (2)

कार्यालय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद पौड़ी गढ़वाल।

–:प्रेस विज्ञप्तिः–

आरक्षी संवर्ग जनपदीय पुलिस/पीएसी/आईआरबी (पुरूष)/फायरमैन(पुरूष/महिला) के पदों पर रांसी मैदान पौड़ी में शारीरिक मानक/दक्षता परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों की तिथि नियत की गयी थी, किन्तु कतिपय अभ्यर्थी के निर्धारित तिथि में चोट लगने/दुर्घटना होने तथा कोई अन्य परीक्षा होने के कारण अभ्यर्थियों द्वारा शारीरिक मानक/दक्षता परीक्षा की तिथि को परिवर्तित किये जाने के सम्बन्ध में अपने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किये गये है। ऐसे अभ्यर्थी जो कि उपरोक्त कारणों से निर्धारित तिथि को शारीरिक मानक/दक्षता परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो पाये है, को अग्रिम अवसर प्रदान करते हुये उनके शारीरिक मानक/दक्षता परीक्षा निम्न तिथियों में आयोजित की जायेगी। समस्त अभ्यर्थी अपने समस्त मूल प्रमाण पत्र एवं सम्बन्धित चिकित्सक द्वारा जारी चिकित्सा प्रमाण पत्र/अन्य लिखित परीक्षा का प्रवेश पत्र तथा अन्य समुचित साक्ष्य/प्रमाण पत्र सहित प्रातः 06:00 बजे रांसी मैदान पौड़ी में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

शारीरिक मानक/दक्षता परीक्षा हेतु पूर्व में नियत तिथि	अनुक्रमांक	शारीरिक मानक/दक्षता परीक्षा हेतु नियत तिथि
दिनांक 15–05–2022 से 29–05–2022 (दिनांक 23/24–05–2022 को छोड़कर)	1942000000001 से 1942000006000 तक (1942000002401 से 1942000002800 को छोड़कर)	दिनांक 15–06–2022
दिनांक 30–05–2022 से 14–06–2022	1942000006001 से 1942000012303 तक	दिनांक 16–06–2022

पत्रांकः– म–10/2022
दिनांकः– जून 11, 2022

11/6

अध्यक्ष,
शारीरिक मानक/दक्षता परीक्षा/
वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक
पौड़ी गढ़वाल।

THI-1730